सेक्रेड हार्ट स्कूल टीसीएस आईटी विज़ 2017 विजेता



इंदौर। आईटी सर्विसेस कंसल्टेंसी तथा बिजनेस सॉल्यूशन के क्षेत्र में अग्रणी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) द्वारा आयोजित भारत का सबसे बड़ा इंटर-स्कूल क्विज़ टीसीएस आईटी विज़ विभिन्न स्कूलों से आये प्रतिभागी विद्यार्थियों के प्रदर्शन का साक्षी बना। खंडवा रोड स्थित देवी अहिल्या विश्वविद्यालय कैम्पस में आईआईपीएस के समीप स्थित यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में आयोजित टीसीएस आईटी विज़ में विभिन्न स्कूलों के करीब 1350 विद्यार्थियों ने भाग लिया। रीजनल फाइनल्स में क्विज के पांच राउंड्स पूरे करने के बाद सेक्रेड हार्ट स्कूल, कोटा के अनिमेष हर्ष और श्रेष्ठ पॉल विजेता रहे तथा सेंट पॉल , इंदौर के कार्तिक तिवारी और रुद्राक्ष त्रिपाठी रनर अप रहे। रीजनल स्तर के चैम्पियंस को 60,000 रूपये मूल्य के गिफ्ट वाउचर जबकि रनर्स- अप का खिताब पाने वाले स्कूल को 40,000 रूपये मूल्य के गिफ्ट वाउचर पुरस्कार स्वरुप दिए गए।